

मैं कोई खास शैली नहीं अपनाना चाहता। मुझे खिलाड़ियों के साथ बात करना पसंद है उन्हें सुरक्षित महसूस कराना। एक कप्तान के तौर पर खिलाड़ियों के सात रिश्ता बनाना मेरे लिए अहम है। जब खिलाड़ी सुरक्षित होंगे तभी वे अपना 100 प्रतिशत देंगे। - शुभमन गिल

भारतीय बल्लेबाज, टेस्ट कप्तान बनने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



**ऋषभ पंत**

**रोहित** और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के बिना भारतीय टेस्ट टीम शुक्रवार सुबह इंग्लैंड के लिए रवाना हुई, जहां उसे पांच टेस्ट मैचों की अहम सीरीज खेलनी है। इस सीरीज में न सिर्फ टीम की बल्लेबाजी और रणनीति की परीक्षा होगी, बल्कि ये भी देखना दिलचस्प होगा कि रोहित की कप्तानी और उनकी मौजूदगी की कमी को युवा खिलाड़ी कैसे भर पाते हैं। टीम के रवाना होने से पहले मुंबई एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी के चेहरों पर मुस्कान ला दी। नए टेस्ट उप कप्तान और विकेटकीपर ऋषभ पंत जो अपनी चुलबुली और बिंदास अंदाज के लिए जाने जाते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज जब इंग्लैंड में आयोजित होती है, तब इसे पटौदी ट्रॉफी कहा जाता था। जब ये ट्रॉफी भारत में खेली जाती है तो इसे एंथनी डी मेलो ट्रॉफी कहा जाता था।

# बेंगलुरु भगदड़ का आरोपी निखिल सोसाले? कोहली-अनुष्का के साथ आ चुका है नजर






बेंगलुरु, 6 जून। आरसीबी ने पहली बार खिताब जीतकर इतिहास रचा। लेकिन इस ऐतिहासिक जीत की खुशी उस समय मातम में बदल गई जब 4 जून को बेंगलुरु में आयोजित विजय परेड से पहले भगदड़ मचने से 11 लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए। इस दुखत हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया। वहीं अब पुलिस ने इस मामले में पहली गिरफ्तारी करते हुए आरसीबी की मार्केटिंग टीम के हेड निखिल सोसाले को हिरासत में लिया। उनके साथ इवेंट मैनेजमेंट कंपनीके तीन कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया गया।

बता दें कि, 3 जून 2025 को आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 6 रनों से हराकर आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया। बेंगलुरु में फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर था। इस जीत का जश्न मनाने के लिए 4 जून को एक भव्य विजय परेड का आयोजन होना था। शुरुआत में इसे ओपन बस परेड के रूप में प्लान किया गया था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। परेड से पहले ही भारी भीड़ बेकाबू हो गई और देखते ही देखते भगदड़ मच गई। इस हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए।वहीं इस हादसे के बाद आरसीबी मैनेजमेंट, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ और बीसीसीआई ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

मामला उस वक्त और गंभीर हो गया जब कर्नाटक हाईकोर्ट ने दखल दिया और 10 जून तक इस हादसे की पूरी रिपोर्ट मांगी। जांच में सामने आया कि विजय परेड की प्लानिंग में भारी लापरवाही बरती गई थी। पुलिस ने इस मामले में सबसे पहले आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसाले को गिरफ्तार कर लिया है।6 जून को निखिल को बेंगलुरु एयरपोर्ट से उस समय हिरासत में लिया गया जब वह कथित तौर पर मुंबई भागने की फिराक में थे। पुलिस के मुताबिक निखिल ने विजय परेड की प्लानिंग में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों में कमी के कारण हालात बेकाबू हो गए। उनके सात इवेंट कंपनी के तीन कर्मचारी किरण, सुमंथ और सुनील मैथ्यू को भी हिरासत में लिया गया है।

## बेंगलुरू भगदड़ मामले में आरसीबी के तीन अधिकारी गिरफ्तार



बेंगलुरु, 6 जून। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरा हुई भगदड़ ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। इस दुखद हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। इस घटना ने ने केवल खेल प्रेमियों, बल्कि पूरे कर्नाटक को गहरे सदमे में डाल दिया।

वहीं हादसे के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सख्त कदम उठाते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए। शुक्रवार को बेंगलुरु पुलिस ने आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसले, डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क की सीनियर इवेंट मैनेजर किरण कुमार और वाइस प्रेसिडेंट सुनील मैथ्य को गिरफ्तार कर लिया।ये हादसे तब हुआ जब आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के लिए स्टेडियम के बाहर हजारों फैंस जमा हुए थे। जश्न का आयोज आरसीबी, डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से किया गया था। लेकिन भीड़ प्रबंधन में भारी चूक और सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण ये उत्सव एक त्रासदी में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात नहीं था और आयोजकों ने भीड़ की संख्या का सही आकलन नहीं किया था।

सीएम सिद्धारमैय ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले लिए। उन्होंने इस हादसे की जांच के लिए कर्नाटक हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस माइकल डी कुन्हा की अध्यक्षता में एक एकल-न्यायिक आयोग गठित करने का ऐलान किया। आयोग को 30 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही, सीएम ने बेंगलुरु पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इनमें बेंगलुरु पुलिस आयुक्त बी. दयानंद, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विकास कुमार विकास, डीसीपी शेखर एच टेक्कनवर, कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर और अन्य निचले स्तर के अधिकारी शामिल हैं।

## बेंगलुरू भगदड़ जैसे हादसे को रोकने के लिए बीसीसीआई जारी कर सकती है एडवाइजरी



नई दिल्ली, 6 जून। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि बेंगलुरु में जिस तरह की भगदड़ हुई, भविष्य में वैसा कोई हादसा न हो, इसके लिए बोर्ड एडवाइजरी जारी करेगा। बुधवार को आईपीएल विजेता आरसीबी के जश्न के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी। अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की झलक देखने के लिए बड़ी तादाद में फैन जुटे थे और उसी दौरान भगदड मच गई।सैकिया का मानना है कि जल्दबाजी में विजय जुलूस की वजह से ट्रैजिटी हुई। उन्होंने पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद मुंबई में भारतीय क्रिकेट टीम की खुली बस में विजय जुलूस का उदाहरण भी किया। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई ने विक्ट्री परेड की सावधानी से प्लानिंग की थी इसलिए वह बहुत ही सुचारु ढंग से हो गया। सैकिया ने सीएनएन-न्यूज 18 के साथ बातचीत में कहा कि कोई टीम टूर्नामेंट के बाद किस तरह जश्न मनात है, उस पर बीसीसीआई को कोई नियंत्रण नहीं है। लेकिन भविष्य में इस तरह की घटनाओं को होने से रोकने के लिए बोर्ड एडवाइजरी जारी कर सकता है।

## इंडोनेशिया ओपन : सात्विक-चिराग की जोड़ी का सफर हुआ समाप्त, मलेशियाई जोड़ी से मिली हार



जकार्ता, 6 जून। सात्विकसाई राज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी का सफर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। सात्विक-चिराग की जोड़ी को मलेशियाई की मान वेई चोंग और ति काई वुन की जोड़ी के खिलाफ शुक्रवार को हार का सामना करना पड़ा। वर्ल्ड की पूर्व नंबर वन भारतीय जोड़ी 2023 में इस टूर्नामेंट की विजेता बनी थी।

सात्विक-चिराग की जोड़ी को 43 मिनट तक चले मुकाबले में मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। ये चोंग वुन की जोड़ी की सात्विक-चिराग के खिलाफ पिछले पांच मैचों में ये पहली जीत है। सात्विक-चिराग की हार के साथ ही इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। भारतीय जोड़ी को अपनी सर्विस और रिटर्न में संघर्ष करना पड़ा। मान वुन ने पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स और जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स जीता था।

पहले गेम में सात्विक ने दो शॉट नेट पर मारे, जिससे मलेशियाई टीम 9-7 से आगे हो गई। इंटरवल तक वे 11-9 से आगे थे। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद थोड़ा आक्रामक खेल दिखाया और 11-11 से बराबरी कर ली, लेकिन मैन और वुन ने 15-12 की बढ़त हासिल कर ली। मलेशियाई खिलाड़ियों ने दो बार नेट पर शॉट मारा, जिसके बाद भारतीयों ने वापसी करते हुए 17-17 से स्कोर बराबर कर लिया, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा सके। सात्विक ने नेट पर फिर से चूक की और मलेशियाई टीम को गेम प्वाइंट दे दिया।

दूसरे गेम में भी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह एक समय 3-7 से पीछे चल रही थी। मलेशियाई टीम ने इसके बाद भी अच्छा खेल दिखाया तथा दोनों टीम के बीच अंतर को 15-9 कर दिया। भारतीय जोड़ी हालांकि आसानी से हार मानने के लिए तैयार नहीं थी और उन्होंने जल्द ही स्कोर 16-18 कर दिया। मलेशिया की टीम ने हालांकि इसके बाद चार मैच प्वाइंट हासिल किए और बिना किसी परेशानी के जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## न्यूजीलैंड ने रॉब वाल्टर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया



वेलिंगटन, 6 जून। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को रॉब वाल्टर को राष्ट्रीय पुरुष टीम के तीनों प्रारूपों के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया है। जून के मध्य से कार्यभार ग्रहण करने वाले वाल्टर को गैरी स्टीड के जाने के बाद यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। जुलाई में उनके साथ टीम जिम्बाब्वे दौरे पर जायेगी। उनका अनुबंध 2028 के आखिर में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप तक चलेगा।

वाल्टर इस वर्ष अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका की सफेद टीमों की देखरेख कर चुके हैं। उनके कार्यकाल में दक्षिण अफ्रीका ने 2024 में अपने पहले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया, जहां वे बारबाडोस में भारत से हार के बाद उपविजेता रहे। उन्होंने लगातार आठ मैचों की जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड टीम का कोच नियुक्त किये जाने पर वाल्टर ने कहा, ब्लैक कैप्स पिछले कुछ समय से विश्व पटल पर एक सफल और उच्च-सम्मानित टीम रही है और इसमें योगदान देने का मौका मिलना वास्तव में सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ काम करना एक अद्भुत अवसर है, जिसमें कई वैश्विक आयोजनों के साथ-साथ बड़ी द्विपक्षीय श्रृंखलाएँ भी होंगी।

## केपीएल खेलो प्रीमियम 7 के सभी लीग मैच पूरे आज से होंगे नॉकआउट मुकाबले

जयपुर, 6 जून। राजधानी के एसएमएस स्टेडियम में चल रही वैश्य समाज की खेलो प्रीमियर लीग (केपीएल-7) में शुक्रवार को दूसरे दिन लीग के सभी मैच पूरे हो गए। शुक्रवार के मुकाबले बहुत ही रोमांचक रहे। गुरुवार और शुक्रवार को सम्पन्न हुए 12 लीग मैच के रिजल्ट्स के आधार पर सेमीफाइनलिस्ट तय हो गए हैं। शुक्रवार को मुख्य अतिथि खेल और युवा मामलात के शासन सचिव तथा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष नीरज के पवन रहे और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। केपीएल चीफ़ सेकेट्री रितेश खंडेलवाल ने बताया कि प्रदर्शन के आधार पर ग्रुप ए में अल्टीमो डेयरडेविल्स एवं लकी सुपर इंडियन्स और ग्रुप बी में राजघराना टाइगर्स एवं वर्ल्डवाइड स्पार्टन्स सेमीफाइनल में पँहुची। जयपुर रॉयल्स, पिंकसिटी टाइटन्स, रजवाड़ा ब्लास्टर्स एवं राजपुताना वारियर्स टूर्नामेंट से बाहर हो गई। टूर्नामेंट में शनिवार को 4 मैच होंगे, जिसमे सुबह 2 नॉक आउट मैच किड्स के होंगे। उसके बाद 10 बजे पहला सेमीफाइनल और 3 बजे दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। रविवार 8 जून, 2025 को 4 मैच होंगे। जिसका मुख्य आकर्षण डे नाइट फाइनल मैच होगा। जिसमें एल्डर्स मैच, फीमेल मैच और किड्स फाइनल भी होगा। टूर्नामेंट के फिनाले में मुख्य आकर्षण फ़िल्म एक्टर्स सलोनी राउत रहेगी। केपीएल से जुड़े सभी खिलाड़ी, टीम ओनर्स, पार्टनर्स सहित हज़ारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मैच देखने एसएमएस स्टेडियम में एकत्रित हुए। कार्यक्रम में बोर्ड डायरेक्टर मनोज सौंखिया, नवीन खण्डेलवाल, रतन ताम्बी, श्रीराम खण्डेलवाल, सोमेश गुप्ता, वीनू गुप्ता, कैलाश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, कमल कट्टा, दीपक गुप्ता, अमित डंगायच, कमल खूंटेटा, सुकुमार पाटोदिया, अभिषेक गुप्ता, मोहित नाटाणी, उमेश खूंटेटा समेत अनेक समाजसेवी और उद्यमी गण उपस्थित रहे।

## यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलकाता थंडरब्लेड्स के बीच होगी सेमीफाइनल की जंग

अहमदाबाद, 6 जून। ड्रीम यूटीटी जूनियर्स के पहले सत्र के नॉकआउट चरण सेमीफाइनल में यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलकाता थंडरब्लेड्स फाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी। अहमदाबाद के ईकेए एरिना में रविवार को दोनों सेमीफाइनल मैच खेलें जायेंगे। लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली यू मुंबा और जयपुर पैट्रियट्स, डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और कोलकाता थंडरब्लेड्स ने ड्री यूटीटी जूनियर्स के सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है।

## दक्षिण अफ्रीका में पांच नये खिलाड़ी

केप टाउन, 6 जून। दक्षिण अफ्रीका ने 28 जून से 10 जुलाई तक जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो के क्वीन स्पोर्ट्स क्लब में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। टीम की कप्तान टेम्बा बावुमा को दी गई है जबकि कैगिसो रबाडा, एडेन मार्कराम, मार्को जेनसन, रयान रिकेल्टन और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे कई नियमित टेस्ट खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

## राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, नहीं होगी कोई कार्रवाई

बेंगलुरु, 6 जून। कर्नाटक हाईकोर्ट ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए भगदड़ मामले में राज्य क्रिकेट संघ को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को अपने आदेश में अधिकारियों से कहा है कि वे क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई न करे।राज्य क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने भगदड़ मामले में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का रुख किया था। पहली बार आईपीएल जीतने के बाद आरसीबी की टीम ने 4 जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में जश्न मनाया था। उसी दौरान स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी और 56 अन्य घायल हुए थे।पुलिस ने इस मामले में आरसीबी इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। कन्नड़ में दर्ज की गई एफआईआर में लिखा है कि बिना पर्याप्त इंतजाम किए प्रोग्राम किया गया। स्टेडियम में फैंस के शांति से प्रवेश के लिए जरूरी पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। एफआईआर में आरसीबी फ्रेंचाइजी, डीएनए और केएससीए के पदाधिकारियों का नाम लिखा गया है।

## चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों को कहा अलविदा

नई दिल्ली, 6 जून। करीब दो दशक लंबे करियर के बाद लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। चावला ने आज सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने संन्यास लेने के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, दो दशक से अधिक समय तक मैदान पर रहने के बाद अब समय आ गया है कि मैं इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहूं। वह 2007 में टी-20 विश्वकप और 2011 एकदिवसीय विश्वकप की विजेता टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का आशीर्वाद है इसकी यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी।

## तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी से पहले पटौदी ट्रॉफी व एंथनी डी मेलो ट्रॉफी कहा जाता था



नई दिल्ली, 6 जून। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज होने वाली है। ये टेस्ट सीरीज 20 जून से शुरू होगी और 4 अगस्त तक चलने वाली है। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे के लिए रवाना हो गई है। इस दौरे के लिए शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गी है वहीं अब इस ट्रॉफी को सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर किया जा रहा है। भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज को तेंदुलकर एंडरसन सीरीज नाम दिया जाने वाला है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई ने साथ मिलकर ये फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस टेस्ट सीरीज की ट्रॉफी का अनावरण वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में किया जाएगा, जो कि 11 जून से होने वाली है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। भारत- इंग्लैंड के बीच ये टेस्ट सीरीज जब इंग्लैंड में आयोजित होती है, तब इसे पटौदी ट्रॉफी कहा जाता था। जब ये ट्रॉफी भारत में खेली जाती है तो इसे एंथनी डी मेलो ट्रॉफी कहा जाता था।

## वेई यी को हराकर गुकेश नॉर्वे शतरंज के अंतिम दौर में

स्टवान्गर (नॉर्वे), 6 जून। नॉर्वे शतरंज 2025 के नौवें दौर के मुकाबले में विश्व चैंपियन गुकेश डी ने चीन के वेई यी को हराकर टूर्नामेंट के खिताबी दौर में जगह बना ली है। नॉर्वे शतरंज 2025 के नौवें दौर में भारत के गुकेश डी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चीन के नंबर वन वेई यी को हराकर टूर्नामेंट के अंतिम दौर में प्रवेश कर लिया है। गुकेश ने वेई यी की एक महत्वपूर्ण शुरुआती गलती का फायदा उठाकर बढ़त हासिल की। तेज आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश डी ने मुकाबले को जीतकर गेम में पूरे अंक हासिल किये। गुकेश 14.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि कार्लसन उनसे आधा अंक आगे है।

वहीं एक अन्य मैच में दुनिया के नंबर वन मैग्नस कार्लसन और अमेरिका के फैबियानो कारुआना का मुकाबला हुआ। मुकाबले में एक समय ऐसा लगा रहा था कि कार्लसन हार जायेंगे, लेकिन उन्होंने हराने की स्थिति से वापसी करते हुए कारुआना को हराकर पूरे अंक हासिल किये। हिकारू नाकामुरा और अर्जुन एरिगैसी के बीच का खेल बराबरी पर समाप्त हुआ। हिकारू नाकामुरा ने आर्मगेडन गेम में जीत हासिल की और महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक प्राप्त किये। अंतिम दौर में गुकेश का मुकाबला कारूआना से, जबकि कार्लसन का मुकाबला भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से होगा।

## नीरज पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे

नई दिल्ली, 6 जून। मौजूदा भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा 20 जून को स्टेड सेबेस्टियन-चार्लीटी में होने वाली पेरिस डायमंड लीग 2025 में भाग लेंगे। नीरज आठ साल बाद पेरिस डायमंड लीग में वापसी करेंगे। वर्ष 2017 में वह इस स्पर्धा में 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। जर्मनी के जोहान्स वेटर ने 88.74 मीटर का थ्रो कर इस स्पर्धा को जीता था। नीरज के 2024 संस्करण में भाग लेने की उम्मीद थी, लेकिन पेरिस ओलंपिक की तैयारी के मद्देनजर वह इस स्पर्धा में भाग नहीं ले सके। मई में दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा ने 90.23 मीटर दूर भाला फेंक कर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोडा था। नीरज का सबसे हालिया प्रदर्शन 23 मई को पोलैंड के चोरजो में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में हुआ था। नीरज ने टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन में दूसरे स्थान पर रहने के लिए अपने अंतिम प्रयास में 84.14 मीटर भाला फेंक कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच आमंत्रण स्पर्धा जीतकर अपने 2025 एथलेटिक्स सत्र की शुरुआत की थी। उन्होंने 84.52 मीटर थ्रो किया था। वह 24 जून को चेकिया में होने वाली गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स स्पर्धा की प्रवेश सूची में भी शामिल हैं और पांच जुलाई को बेंगलुरु में उद्घाटन में नीरज क्लासिक में मुख्य भूमिका निभाएंगे।

## भारतीय जीवन बीमा निगम के अखिल भारतीय खेल प्रमोशन बोर्ड का गठन

## दीपांक दास पुन : बने प्रमोशन बोर्ड के सदस्य



जयपुर, 6 जून। भारतीय जीवन बीमा निगम के केन्द्रीय कार्यालय द्वारा अखिल भारतीय खेल प्रमोशन बोर्ड का सत्र 2025-2027 के लिए गठन किया गया जिसमें जयपुर के दीपांक दास का चयन, लगातार दूसरी बार, बोर्ड के सदस्य के रूप में किया गया है । दीपांक दास टेबल टेनिस के पूर्व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी है तथा अंतरराष्ट्रीय एंपायर भी है। जयपुर संभाग से दीपांक दास प्रथम व्यक्ति है जिनका लगातार दूसरी बार इस बोर्ड में चयन हुआ है। दीपांक दास ने 2008 में जयपुर में आयोजित साउथ एशिया पेसिफिक खेलों में, 2010 में दिल्ली में आयोजित कॉमनवेल्थ खेलों में, 2015 में जयपुर में आयोजित जीएसी ग्रुप एशिया कप खेलों में तथा 2018 में जयपुर में आयोजित वेटरन नेशनल खेलों मे व नवंबर 2024 में आयोजित भारतीय जीवन बीमा निगम के अखिल भारतीय खेलों सहित कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिताओ के आयोजन में अंतरराष्ट्रीय अंपायर व प्रतियोगिताओं के सफल संचालक के रूप मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान मे दीपांक दास भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत है। दीपांक दास 17 बार भारतीय जीवन बीमा निगम की उत्तर क्षेत्रीय प्रबंधक ट्रॉफी के विजेता रह चुके हैं व 26 बार इन्होंने अखिल भारतीय जीवन बीमा निगम प्रतियोगिताओं मे उत्तर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। दीपांक दास भविष्य में भारतीय जीवन बीमा निगम की व उसके द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के संचालन में सहयोग प्रदान करेंगे व निगम में खेलो के प्रोत्साहन व उत्थान के लिए कार्य करेंगे।

## आरसीए राज्य के खिलाड़ियों को बढ़िया प्रदर्शन के लिए करेगा उत्साहित : बिहाणी

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के मैचों में उच्च स्तरीय प्रदर्शन करने के लिए देगा पुरस्कार



जयपुर, 6 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीपबिहाणी के अनुसार आरसीए एडहॉक कमेटी राज्यके युवा खिलाड़ियों के हित में न केवल सभी निर्णय लेगी साथ ही राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा घरेलू क्रिकेट सत्र 2025 - 26 के दौरान आयोजित की जाने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के मैचों में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए उच्च स्तरीय प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का उत्साह बढ़ाने के लिए पुरुस्कृत करेगी। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आगामी 7 जून से श्रीगंगानगर में व 9 जून से राज्य के विभिन्न जिला केंद्रों पर राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड का आयोजन किया जायेगा।श्रीगंगानगर में 7 जून से आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के प्लेट ग्रुप सी के मैच खेल जाएंगे जिसमे धौलपुर, बीकानेर, डूंगरपुर, पाली, जैसलमेर जिला क्रिकेट संघो की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के दिनांक 7 जून को पहले दिन श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जाने वाले मैचो में पहला मैच बिहाणी क्रिकेट ग्राउंड, डूंगरपुर बनाम पाली जिला टीमों के मध्य एवं दूसरा मैच स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स टांटियायूनिवर्सिटी में धौलपुर बनाम बीकानेर जिला टीमों के मध्य खेला जाएगा।बिहाणी ने बताया की राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं के मैचों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडी को मैन ऑफ़ थ मैच सहित प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के पुरुस्कार भी इस वर्ष से शुरू किये जा रहे हैं जिससे न केवल खिलाडियों का होंसला बढ़ेगा साथ ही खिलाडियों को प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी व अपने उच्च प्रदर्शन के दम पर राज्य के युवा खिलाडी राष्ट्रिय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर पाएं। बिहाणी के अनुसार आरसीए द्वारा राज्य के विभिन्न जिला केंद्रों पर आयोजित की जाने वाली राज्यस्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है व प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। आरसीए एडहॉक कमेटी ने आरसीए कार्यालय कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं की प्रतियोगिता व खेल गतिविधियों में भाग ले रही टीमों व खिलाडियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो व खिलाडी प्रतियोगिता के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे पाएं इसका विशेष ध्यान रखा जाये।

## फीफा विश्वकप क्वालीफायर में अर्जेंटीना ने चिली को हराया

सैंटियागो, 6 जून। जूलियन अल्वारेज के पहले हाफ में किये गये गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने फीफा विश्वकप क्वालीफायर में चिली पर 1-0 से जीत दर्ज की। सैंटियागो के एस्टाडियो नैशनल में गुरुवार को खेले गये मुकाबले में अल्वारेज ने 23वें मिनट में थियागो अल्माडा की थ्रू बॉल पर गोलकीपर ब्रायन कॉर्टेस के ऊपर से शॉट मारकर अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। इसके बाद अर्जेंटीना ने अधिकतर समय तक गेंद को अपने कब्जे में रखा। दूसरे हाफ में चिली ने वापसी प्रयास किया।